कोयले की आम नीलामी सूचना

दिनांक - 16/01/2017

प.म.रे.जबलपुर मंडल द्वारा दिनांक 16/01/2017 को मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय में कोयले की आम नीलामी रखी गयी थी | परन्तु अपरिहार्य कारणों से यह नीलामी नहीं की जा सकी | नीलामी की अगली तारीख 24/01/2017 को 16:00 बजे मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय में रखी गयी है | देवरा ग्राम एवं मझौली के बीच पाचोर नाला कि.मी. 1310/6 पर कोयला लगभग 310 टन "जैसा है जहां है के आधार पर नीलामी की जायेगी एवं सफल बोलीकर्ता को नीलामी के बाद स्थल से कोयला उठाने की अनुमति दी जायेगी | इच्छुक व्यक्ति मौके पर माल का निरीक्षण कर सकता है |

नीलामी में बोली का अधिकार केवल उन्ही व्यक्तियों को होगा जिन्होंने बोली लगाने से पूर्व दिनांक 24/01/2017 को 15:00 बजे के पहले रू. 20,000/- (रू. बीस हजार मात्र) अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट सीनियर डी.एफ.एम. पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नाम जमा किया हो | सफल बोलीकर्ता को तीन दिन के अन्दर शेष राशि जमा करनी होगी, तभी माल को उठाने की अनुमति दी जायेगी | दिनांक 03/02/2017 तक दस दिनों के अन्दर कोयला उठाना होगा, वरना दिनांक 24/01/2017 से रेलवे के नियमानुसार स्थान शुल्क देय होगा | नीलामी की उचित कीमत न आने पर या किसी अन्य कारण से आम नीलामी को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रेलवे प्रशासन का होगा | सफल बोली कर्ता बकाया राशि को तीन दिन के अन्दर जमा नहीं करता है, तो उसके द्वारा जमा किये गए अर्नेस्ट मनी रू. 20,000/- (रू. बीस हजार मात्र) को जब्त कर लिया जाएगा |

यदि दिनांक 24/01/2017 को किसी कारणवश डी.आर.एम. कार्यालय में अवकाश रहता है, तो अगले कार्य दिवस में उपरोक्त समयानुसार अर्नेस्ट मनी जमा की जायेगी एवं कोयले की आम नीलामी की जायेगी |

कृते मंडल रेल प्रबन्धक (वा.)
प.म.रे.जबलपुर